# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय – होशंगाबाद मार्ग, भोपाल – 462-026

क्रमांक : 283/परीक्षा/2020 भोपाल, दिनांक 04.09.2020

## अधिसूचना

उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38/3 दिनांक 13.08.2020 एवं उच्च शिक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालय के अन्य अनुगामी आदेश से परीक्षा सत्र 2019–20 की विशेष परीक्षाओं का आयोजन ओपन बुक पद्धति के तहत किया जा रहा है। वि.वि.की परीक्षा केन्द्र व्यय अधिसूचना (क्रमांक 16/परीक्षा/2020 दिनांक 17.01.2020) के संदर्भ में सितंबर–2020 में आयोजित परीक्षा हेतु जिला अग्रणी महाविद्यालय को स्नातक तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु प्रति छात्र राशि रूपये 100/– कुल राशि का 90 प्रतिशत अन्तरण विश्वविद्यालय द्वारा सीधे जिला अग्रणी महाविद्यालयों को उत्तरपुस्तिका हेंन्डलिंग, परिवहन व्यवस्था एवं अन्य आकस्मिक व्यवस्था हेतु किया जाएगा। इस राशि से व्यय पूर्ण हो जाता है तो केवल उपयोगिता प्रमाण पत्र देगें, प्रदाय राशि से अतिरिक्त व्यय होने पर वि.वि.द्वारा प्रतिपूर्ति की जावेगी और इस संबंध में जिला अग्रणी महाविद्यालयों को प्रदाय राशि के कुल खर्चे का पूर्ण ब्यौरा अनिवार्य रूप से वि.वि. को प्रस्तुत करना होगा।

इस राशि का उपयोग केवल स्नातक अंतिम वर्ष तथा स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की ओपन बुक पद्धति के तहत आयोजित परीक्षा व्यवस्था हेतु किया जावेगा।

04/09/2020
परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक 284 परीक्षा/2020 भोपाल , दिनांक 04.09.2020

प्रतिलिपिः–––

1–अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, नर्मदा पुरम संभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।

2–प्राचार्य, समस्त जिला अग्रणी महाविद्यालय को इस आशय के साथ सूचनार्थ कि जिला अग्रणी महाविद्यालय को केन्द्र व्यय राशि किस खाते में प्रेषित किया जाना है उस खाते का क्रमांक शीघ्र वि.वि. को प्रेषित करने का कष्ट करें।

3–प्राचार्य,/केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

4–अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग/ महाविद्यालयीन विकास परिषद की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5–कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।

6–वित्त नियंत्रक,ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7–उपकुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/भण्डार/अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

8–सहायक कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/भण्डार/अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

9–जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम/प्रभारी मित्र कार्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

10–प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।

11–संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतुनिवेदन के साथ प्रेषित ।

S Chawla
उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल